http://www.sgbauonline.com/



# M.A. (Part–II) Translation Hindi (Semester—III) Examination

## TRANSLATION HINDI

## Paper—III (A)

## ((1) Adhunik Hindi Sahitya Ka Prawruttimulak Va Bhashagat Parichay)

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भसहित व्याख्या कीजिये : 8×2=16

(क) "एक तुग, यह विस्तृत भू-खंड प्रकृति वैभव से भरा अमंद;
कर्म का भोग, भोग का कर्म, यही जड़ का चेतन-आनंद।"
अकेले तुम कैसे असहाय भजन कर सकते ? तुच्छ विचार।
तपस्वी ! आकर्षण से हीन कर सके नहीं आत्म-विस्तार।

(ख) इसलिए कि विवाह से मुझे अपनी धार्मिक स्वाधीनता त्याग देनी पड़ेगी। धर्म-स्वतंत्रता का गला घोंट देता है। मैं अपनी आत्मा को किसी मत के हाथ नहीं बेचना चाहती। मुझे ऐसा ईसाई पुरुष मिलने की आशा नहीं; जिसका हृदय इतना उदार हो कि वह मेरी धार्मिक शंकाओं को दरगुजर कर सकें। मैं परिस्थिति से विवश होकर ईसा को खुदा का बेटा और अपना मुक्तिदाता नहीं मान सकती, विवश होकर गिरजाघर में ईश्वर की प्रार्थना करने नहीं जाना चाहती। मैं ईसा को ईश्वर नहीं मान सकती।

(ग) तुमसे कुछ भी समझने को कहा किसने है ? दीपक जलाओ, देवी सुंदरी अब इधर आने ही वाली है। आकर देखेंगी कि दीपक नहीं जले, तो सहसा बिगड़ उठेंगी। कितने वर्षों के बाद तो आज उन्होंने कामोत्सव का आयोजन किया है।

(घ) है बिखेर देती वसुन्धरा
मोती, सबके सोने पर,
रवि बटोर लेता है उनको
सदा सबेरा होने पर।
और विरामदायिनी अपनी
सन्ध्या को।

(च) अरे उपकारी जीवों की कमी नहीं है महाराज ! आप ही लोगों से तो धरती टिकी हुई है। आज बाज़ार में जब एक ने ये कहा कि उस स्त्री का कहना सत्य हो सकता है, बाबाजी उस पर किसी प्रकार का अनुचित—अरे, हमने कहा हम उन्हें अच्छी तरह से जानते हैं। ऐसे-ऐसे महत्मा—"

(छ) (आवेश से) यह नहीं हो सकता। महादेवी ! जिस मर्यादा के लिए — जिस महत्व को स्थिर रखने के लिए, मैंने राजदण्ड ग्रहण न करके अपना मिला हुआ अधिकार छोड़ दिया, उसका यह अपमान ! मेरे जीवित रहते आर्य समुद्रगुप्त के स्वर्गीय गर्व को इस तरह पद-दलित न होना पड़ेगा। (ठहरकर) और भी एक बात है ! मेरे हृदय के अन्धकार में प्रथम किरण-सी आकर जिसने अज्ञात भाव से अपना मधुर आलोक ढाल दिया था, उसको भी मैंने केवल इसीलिये भूलने का प्रयत्न किया कि...... (सहसा चुप हो जाता है)।

http://www.sgbauonline.com/

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिये : 2×16=32

(1) 'कामायनी' के महाकाव्यत्व की विशेषताओं को निरुपित कीजिये।

(2) 'पंचवटी' में प्रकृति के मनोरम चित्र उपस्थित हुए हैं। इस कथन को सोदाहरण लिखिये।

(3) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का उद्देश्य एवं समस्याओं को उद्घाटित कीजिये।

(4) 'बूँद और समुद्र' देश के मध्यवर्गीय नागरिक समाज का गुण-दोष भरा चित्र प्रस्तुत करता है। तर्कपूर्ण उत्तर दीजिये।

(5) रंगभूमि उपन्यास में अभिव्यक्त विविध समस्याओं का उल्लेख कीजिये।

(6) 'लहरों के राजहंस' ऐतिहासिक नाटक हैं। इस कथन की पुष्टि कीजिये।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर **15—20** पंक्तियों में लिखिये :- 4×4=16

(1) 'कामायनी' में किस दर्शन का प्रतिपादन किया गया है ?

(2) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की प्रमुख समस्या पर प्रकाश डालिये।

(3) अमृतलाल नागर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व स्पष्ट कीजिये।

(4) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' — इस निबंध में नाखून बढ़ने के मूल में कौनसी प्रवृत्ति कार्य करती रही है ?

(5) हरिशंकर परसाईकृत 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये।

(6) 'वापसी' कहानी का मर्म समझाइये।

(7) 'बूंद और समुद्र' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये।

(8) श्रद्धा-भक्ति निबंध में निहित अर्थ की अभिव्यक्ति अपने शब्दों में कीजिये।

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिये : 1×16=16

(1) 'ताई' किस उपन्यास का पात्र है ?

(2) 'पुरस्कार' कहानी किस लेखक की है ?

(3) 'कामायनी' का मुख्य नायक कौन है ?

(4) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब हुआ ?

(5) 'लहरों के राजहंस' नाटक में 'सुंदरी' का पति कौन है ?

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये

(6) गजाधर बाबू के नौकर का नाम क्या है ?

(i) गनेशी (ii) रमेश

(iii) राम (iv) श्याम

(7) जहाँ लक्ष्मी कैद है, इस कहानी में लाला रूपाराम के पुत्र का क्या नाम है ?

(i) गोविंद (ii) रामस्वरूप

(iii) राजेंद्र (iv) मानव

(8) 'बुंद और समुद्र' उपन्यास में सज्जन कौन-सा कार्य करता है ?

(i) कारपेंटर (ii) मोची

(iii) सुतार (iv) चित्रकार

http://www.sgbauonline.com/

(9) जयशंकर प्रसाद की अंतिम नाट्य रचना का नाम बतलाइये।

(i) कामायनी | (ii) राज्यश्री
(iii) विशाख | (iv) स्कन्दगुप्त

(10) 'कामायनी' में अंतिम सर्ग कौनसा है ?

(i) श्रद्धा | (ii) इड़ा
(iii) स्वप्न | (iv) आनंद

(11) प्रेमचंद के किस हिंदी उपन्यास का उर्दू नाम 'चौगाने हस्ती' है ?

(i) कर्मभूमि | (ii) गोदान
(iii) कायाकल्प | (iv) रंगभूमि

(12) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में कितने अंक हैं ?

(i) तीन | (ii) चार
(iii) पांच | (iv) आठ

(13) 'पंचवटी' का नायक कौन है ?

(i) लक्ष्मण | (ii) राम
(iii) भरत | (iv) नकुल

(14) श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम क्या है ?

(i) नामस्मरण | (ii) जाप
(iii) ईश्वर | (iv) भक्ति

(15) 'मधूप' उपनाम से किस लेखक को जाना जाता है ?

(i) जयशंकर प्रसाद | (ii) मैथिलीशरण गुप्त
(iii) केशवदास | (iv) रामचंद्र शुक्ल

(16) 'लहरों के राजहंस' की नायिका कौन है ?

(i) अल्का | (ii) बसंती
(iii) सुन्दरी | (iv) श्रद्धा

http://www.sgbauonline.com/